हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार, 25 जनवरी 2024
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड




SRU
SHRI RAWATPURA SARKAR UNIVERSITY
Approved & Recognized By :
13TH UNIVERSITY IN INDIA WITH "UGC 12 (B)" STATUS
23rd YEARS OF EXCELLENCE
AAROHAN
SPORTS & CULTURAL FEST
29th Jan - 04th Feb, 2024
CASH PRIZES
UPTO
Rs. 3 LAKH
FREE ENTRY
100+ Competition Events For Students
SCAN QR CODE
FOR REGISTRATION
Contact : 9424227761, 9691018833, 9935001770, 9893131147
4TH FEB
SUNDAY
LIVE CONCERT
Bollywood Fame
PAWNI PANDEY
LIVE SHOW
(ENTRY FREE )
5:30 PM to 9:00 PM
VENUE : SHRI RAWATPURA SARKAR UNIVERSITY, NH. 30, POST MANA, NEW DHAMTARI ROAD, RAIPUR

13 अटंग में राम मंदिर निर्माण के आंदोलन में शामिल...



14 गणतंत्र दिवस समारोह का किया गया अंतिम पूर्वाभ्यास



## खबर संक्षेप

### अवैध रेत उत्खनन करते पाए जाने पर खनिज विभाग ने की कार्रवाई



**धमतरी।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में खनिज विभाग द्वारा गौण खनिज आधारित क्षेत्रों से रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज नारी में अवैध रेत उत्खनन करते पाए जाने पर 1 जेसीबी मशीन सीज कर कुरूद मंडी में रखा गया है।

- कलेक्टर के निर्देशानुसार 1 जेसीबी मशीन किया गया सीज

### आज कोसरिया मरार समाज शाकम्भरी जयंती मनाएगी

**धमतरी।** कोसरिया पटेल/मरार समाज हटकेशर द्वारा छेरछेरा पुन्नी के अवसर पर मां शाकम्भरी जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। सुबह मुक्तिधाम हटकेशर की साफ सफाई के साथ 10 बजे से विधिवत पूजा, हवन, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अतिथियों का सम्मान किया जाएगा।

### सिर्री में शाकंभरी जयंती आज

**सिर्री।** ग्राम सिर्री के समस्त पटेल समाज के तत्वधान में 25 जनवरी गुरुवार को मां शाकंभरी जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। सुबह 9 बजे से मां शाकंभरी मंदिर से शोभायात्रा निकाल कर पूरे गांव का भ्रमण करेंगे। दोपहर 3 बजे अतिथियों का उद्बोधन होगा। जिसके मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद विधानसभा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बंशीलाल पटेल करेंगे। विशेष अतिथि झागेश्वर ध्रुव पूर्व मंडी अध्यक्ष होंगे। यह जानकारी पटेल समाज के अध्यक्ष शोभाराम पटेल ने दी।

### बड़ी संख्या में किसान नहीं बेच पाए हैं समर्थन मूल्य पर धान

# अंतिम तिथि तक के लिए टोकन जारी, फिर भी भटक रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सभी खरीदी केंद्रों में 31 जनवरी तक के लिए टोकन जारी किया जा चुका है। इसके बाद भी बड़ी संख्या में किसान टोकन के लिए पहुंच रहे हैं। अब तो उन्हें तभी टोकन जारी किया जा सकेगा, जब खरीदी की तिथि बढ़ेगी।

धान खरीदी में वैसी ही स्थिति बनी, जिसकी पहले से आशंका थी। शुरूआत में खरीदी की रफ्तार सुस्त थी, जिसके चलते अब तक लक्ष्य के अनुपात में धान की खरीदी नहीं हो पाई है। खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी है। इस तिथि तक सभी किसानों को टोकन जारी किया जा चुका है। इसके बाद भी बड़ी मात्रा में धान खरीदने को शेष है। ये किसान लगातार टोकन के लिए खरीदी केंद्र पहुंच रहे हैं लेकिन और टोकन काटने के लिए जगह ही नहीं बची हुई है। ऐसे में यदि धान खरीदी की तिथि नहीं बढ़ाई जाती है तो ये किसान धान बेचने से चूक जाएंगे। किसानों ने बताया कि वे टोकन के लिए लगातार धान खरीदी का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अब टोकन नहीं दिया गया है। अब तो खरीदी की तिथि बढ़ने पर टोकन देने की बात कहकर उन्हें खरीदी केंद्र से लौटाया जा रहा है। जिन किसानों का धान बचा हुआ है, उनमें से ज्यादातर बड़े किसान हैं, जिन्हें एक बार पूरा धान बेचने के लिए टोकन नहीं दिया गया। पहले टोकन में पूरा धान नहीं बेच पाए और दूसरा टोकन अब तक नहीं मिला है।

#### हर केंद्र में बचेगा धान

कंडेल खरीदी केंद्र में 31 जनवरी तक के लिए टोकन काटा जा चुका है। अब और टोकन नहीं काटा जा सकता है। उधर 5 हजार क्विंटल से ज्यादा धान खरीदने को बाकी है, जिसके लिए किसान लगातार समिति में टोकन कटवाने पहुंच रहे हैं। इसी प्रकार कुरमातराई में 7 हजार क्विंटल, डाही में 8 हजार क्विंटल, देमार में 18 सौ क्विंटल धान का टोकन काटना बाकी है, जिसके लिए किसान खरीदी की तिथि बढ़ने का इंतजार कर रहे हैं।



#### लिमिट बढ़ाकर किया जा सकता है समस्या का समाधान

धान खरीदी में सबसे बड़ी समस्या प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट रही। शासन ने खरीदी का लक्ष्य तो बढ़ा दिया लेकिन प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट और कम कर दी। इसका असर यह हुआ कि रोजाना जितनी खरीदी होनी चाहिए थी, उससे काफी कम मात्रा में धान की खरीदी हो रही थी। अभी यदि शासन प्रतिदिन खरीदी की लिमिट बढ़ा देता है तो एक सप्ताह की खरीदी में लक्ष्य को पूरा किया जा सकेगा।

# शीतलहर की चपेट में अंचल



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शीत लहर के साथ बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जगह-जगह अलाव जलने लगे हैं। वहीं शाम ढलते ही सड़क सूनी हो गई। बारिश का असर धान खरीदी केंद्रों में पड़ा। अधिकांश केंद्रों में धान खरीदी बंद रही।

मौसम में बदलाव मंगलवार को ही शुरू हो गया था। मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात 12 बजे बड़ी-बड़ी बूंदों के साथ बारिश हुई। रात 2 बजे भी अच्छी बारिश हुई। इसके असर से पूरा अंचल शीत लहर की चपेट में आ गया। तापमान में अच्छी खासी गिरावट दर्ज की गई है। लोग दिनभर गरम कपड़े पहने नजर आए। वहीं शाम ढलते ही अलाव भी सुलग उठे। जानकारी के अनुसार उत्तर से ठंडी और दक्षिण से नमीयुक्त हवा आ रही है। दोनों ओर की हवाओं के संगम से बारिश हो रही है। एक दो दिन न्यूनतम तापमान में और गिरावट आ सकती है। खराब मौसम का असर धान खरीदी केंद्रों में पड़ा है। बारिश से फड़ भीग गए हैं। जिसके चलते खरीदी बंद रही।

### भखारा व कुरूद पुलिस की कार्रवाई

# 96 पौवा अवैध शराब व बाइक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





बड़ी मात्रा में अवैध शराब को बिक्री करने के लिये ले जा रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे युवक को पुलिस ने रंगेहाथ पकड़ा है।

अवैध शराब बिक्री व असामाजिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके चलते कुरूद व भखारा पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। कुरूद पुलिस पेट्रोलिंग पर निकली थी। इसी दौरान मुखबिर से एक व्यक्ति द्वारा मोटर सायकल से कुरूद के नहर पार मार्ग से होते हुये कालेज रोड की ओर बिक्री के लिये मोटर सायकल से बड़ी मात्रा में अवैध शराब ले जाने की सूचना मिली। सूचना पर पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंच रेड की कार्रवाई की। इस दौरान शराब खरीद रहे लोग पुलिस को देख वहां से भाग गये। पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेच रहे व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ किया। उक्त युवक ने अपना नाम सोहन कंवर पिता गोविंदराम ग्राम भालूझूलन का रहने वाला बताया। तलाशी में आरोपी के कब्जे से 40 पौवा देशी शराब कीमत 3200 रूपये व घटना में उपयोग की जा रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 23 एच 2401 कीमत 40 हजार को जब्त किया। पुलिस ने आरोपी सोहन कंवर को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की है।

इसी तरह वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में भखारा पुलिस टीम ग्राम भेण्डरवानी पहुंच छापामार कार्रवाई की। जहां दीपक साहू उम्र 30 वर्ष मूल निवासी ग्राम बगदेही वर्तमान निवास ग्राम भेण्डरवानी के घर में छिपाकर रखे 56 पौवा अवैध शराब कीमत 4480 रूपये बिक्री रकम 310 रूपये बरामद किया। पुलिस ने आरोपी दीपक साहू के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है।

# गांजा तस्कर पुलिस को देखकर कार छोड़कर भागा

- पुलिस द्वारा अवैध गांजा सहित जेस्ट कार किया गया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा

पुलिस अधीक्षक द्वारा कानून व्यवस्था एवं अपराधों के नियत्रंण की रोकथाम करने व समय-समय पर समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को आसूचना तंत्र को मजबूत करते हुए एवं संदिग्ध आचरण के व्यक्तियों पर सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया है। जिस पर अति. पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में एसडीओपी नगरी मयंक रणसिंह एवं उप पुलिस अधीक्षक नक्सल आर के मिश्रा के नेतृत्व में मेचका पुलिस द्वारा दिनांक 23 जनवरी को ग्राम मेचका तिराहा में वाहन चेकिंग के दौरान झरियाबाहरा से नगरी की ओर आ रही एक ग्रे कलर का टाटा जेस्ट एक्स.ई. कार कमांक एमएच 16 बी.एच. 4266 जिसमें काला शीशा लगा हुआ था जिसे हाथ मारकर, इशारा कर रोकने पर उक्त कार के चालक द्वारा कार को न रोककर ग्राम मेचका की ओर ले जाने पर उक्त वाहन में कोई संदिग्ध होने की संदेह पर वाहन का पीछा करने पर उक्त कार चालक द्वारा अपने कार को तेजी पूर्वक चलाते हुये ग्राम मेचका डोंगरीपारा की ओर गया, ग्राम मेचका डोंगरीपारा मुचकुन्द ऋषि पहाड़ी के निचे आगे रास्ता नही होने व पुलिस को पीछा करते देखकर कार क्रमांक एमएच 16 बी.एच. 4266 को खड़ा कर घने जंगल पहाड़ी की ओर भाग गया जिसका पतासाजी किया। पता नही चला कार का विधिवत तलाशी लेने पर अवैध रूप से 80 पैकेटों में कुल 162.75 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 2441250/- रूपये, कार कमांक एमएच 16 बी.एच. 4266 किमती 600000/- रूपये जुमला किमती 30,41,250/- रूपये को घटनास्थल से जप्त कर फरार आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध थाना मेचका में अपराध कमांक 02/24 धारा 20(ख) नारकोटिक एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। फरार आरोपी का पता तलाश जारी है।



उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी मेचका सउनि. राधेश्याम बंजारे, प्रआर गिरीश नाग, मनोज ध्रुव आरक्षक रंजीत कुर्रे, रितेश कश्यप, टीकू राम ध्रुव, योगेश सोम, मनीष चक्रधारी, डीएसएफ आर. भोजलाल प्रजापति का विशेष योगदान रहा।

### वृद्ध ने अपने खेत में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों के चलते एक वृद्ध ने अपने खेत में स्थित कहुवा के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। कोतवाली पुलिस व परिजनों के अनुसार स्थानीय गोकुलपुर निवासी विश्राम साहू पिता रामलाल उम्र 60 वर्ष खेती-किसानी का काम करता था। बुधवार को वृद्ध अपने बेटों के साथ गोकुलपुर के खार में स्थित अपने खेत में दवाई का छिड़काव करने गया था लेकिन खेत में पानी भरे होने के कारण दवाई का छिड़काव नहीं किया। घर वापस लौटते समय उसके बेटे ने वृद्ध को चलने के लिये कहा, जिस पर वृद्ध ने उन लोगों को घर जाने के लिये कहते हुये कुछ देर बाद आने को कहा। शाम तक वृद्ध के घर नहीं पहुंचने पर उसकी पत्नी उसकी तलाश में खेत पहुंची। खेत में वृद्ध तो कहीं नहीं दिखा लेकिन खेत के मेड़ के पास स्थित कहुवा के पेड़ के पास वृद्ध का पानी बाटल रखा दिखा। वहां पर पहुंचने पर कहुवा पेड़ पर गमछे के फंदा पर वृद्ध फांसी पर लटका हुआ था। बेटे के खेत से जाने के बाद वृद्ध ने किसी समय पेड़ पर फांसी लगा लिया। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। जहां पुलिस ने बुधवार को शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। बताया जाता है कि लगभग सप्ताह भर बाद मृतक के बेटे व बेटी का सगाई होने वाला था। फिलहाल वृद्ध के आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

- गोकुलपुर खार की घटना

### शांति समिति की बैठक में सभी ने दी सहमति

# तेज आवाज में डीजे बजाया तो खैर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिले को साइलेंस जोन घोषित करते हुए रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक तेज आवाज पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यदि कोई नियम का उल्लंघन करता है उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। इसे लेकर बुधवार को जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी ने तेज आवाज पर प्रतिबंध की पैरवी की।

बुधवार को आयोजित इस बैठक में कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी और पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर जानकारी देते हुये बताया कि कोलाहल अधिनियम-1985 की धारा 18 तथा ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम 2000 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र 'जोन्स ऑफ साइलेंस' घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देशानुसार रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक साईलेंस जोन होगा। इसके तहत सभी शासकीय, अशासकीय अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान, जिला एवं सत्र न्यायालय तथा अन्य न्यायालय, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय कार्यालय, धार्मिक स्थल या परिसर के 100 मीटर परिधि में लाऊड स्पीकर का उपयोग नहीं किया जा सकता है। जहां यह परंपरा के रूप में लाउड स्पीकर उपयोग होता है, उन्हें छूट रहेगी। बैठक में सीईओ जिपं रवि कुमार साहू, अपर कलेक्टर जी.आर. मरकाम, संयुक्त कलेक्टर रामकुमार कृपाल, एसडीएम धमतरी डॉ. विभोर अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

#### बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर लगा प्रतिबंध

10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा की तिथि घोषित हो चुकी है। परीक्षा में समय कम होने के कारण छात्र तैयारी में जुटे हुए हैं। उनकी तैयारी में व्यवधान न पड़े इसलिए जिले को साइलेंस जोन घोषित किया गया है। वृद्धजन, निःशक्त, बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य पर ध्वनि प्रदूषण से पड़ रहे असर को देखते हुए भी साइलेंस जोन का निर्णय लिया गया है। बैठक में प्रेशर हार्न, तेज ध्वनि वाले वाहनों में लगे सायलेंसर, तेज ध्वनि में बजने वाले डीजे, धार्मिक संस्थानों में लगे लाउड स्पीकर आदि के निर्धारित मात्रा से अधिक आवाज न हो इस बारे में चर्चा की गयी। पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर ने बताया कि हाईकोर्ट ने वाहनों में प्रेशर हॉर्न, तेज आवाज वाले सायलेंसर और तेज आवाज मे डीजे बजाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने कहा है। पहली बार नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध जुर्माना लगाया जायेगा। दूसरी बार में सीधे हाईकोर्ट में प्रस्तुत किया जायेगा, जिसमें जप्ती, जुर्माना व सजा का प्रावधान है। उन्होंने यह भी बताया कि मॉनिटरिंग हेतु जिला स्तर एवं थानावार समिति बनाई जाएगी, जिसमें अधिकारी-कर्मचारी के अलावा क्षेत्र के विशेष व्यक्तियों को शामिल किया जायेगा।

#### करें प्रचार : मेहता

पूर्व विधायक हर्षद मेहता ने कहा कि जिले में सभी तीज-त्यौहारों को भाईचारा से मनाया जाता है। साइलेंस जोन बनाने में भी सभी लोगों को सहयोग देने का आह्वान किया। बैठक में चेम्बर आफ कामर्स के पदाधिकारियों ने प्राप्त निर्देशों पर आधारित फ्लैक्स, पोस्टर, पाम्पलेट को मुख्य चौराहों में लगाने की बात कही। बैठक में समाज प्रमुखों से धार्मिक संस्थान में ध्वनि विस्तारक यांत्रों को कम करने का सुझाव भी लिया गया, जिस पर सभी समाज प्रमुखों ने अपने-अपने विचार रखे।

### 50 हजार मजदूरों को चार माह से भुगतान नहीं, कर्मचारियों का वेतन रूका

# फंड का लोचा, बुरे दौर से गुजर रहा मनरेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

फंड के अभाव में चार माह से मनरेगा मजदूरों का भुगतान रूका हुआ है। यही नहीं मनरेगा में काम कर रहे 417 कर्मचारियों को पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिला है। फंड की कमी के चलते काम की स्पीड भी धीमी हो गई है।

ग्रामीणों को रोजगार देने की योजना मनरेगा बुरी स्थिति से गुजर रहा है। विधानसभा चुनाव के पहले ही आचार संहिता लगने पर इस योजना का फंड रोक दिया गया था। मतदान हो गया, रिजल्ट आ गया, सरकार का गठन भी हो गया है। सभी काम फ्लो पर आ गए हैं लेकिन मनरेगा को अब तक फंड रिलीज नहीं किया गया है। इसी समस्या के चलते मनरेगा खराब दौर से गुजर रहा है। अक्टूबर माह से मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों को भुगतान नहीं किया गया है। मजदूरी की राशि बढ़ते-बढ़ते 11 करोड़ रुपए हो गई है। इसी प्रकार मटेरियल सप्लाई करने वालों का भी 7 करोड़ रुपए का भुगतान भी रूका हुआ है। इनके अतिरिक्त मनरेगा विभाग में पंचायत स्तर से लेकर जिला पंचायत स्तर तक 417 कर्मचारी अधिकारी काम कर रहे हैं। उनका भी करीब 2 करोड़ रुपए का वेतन रूका हुआ है।



फाइल फोटो

#### 50 हजार मजदूरों को इंतजार

जिले में 3 लाख 13 हजार मजदूर मनरेगा में पंजीकृत हैं। इसमें से 2 लाख 35 हजार मजदूरों ने इस साल काम किया है। अक्टूबर माह से अब तक 50 हजार से अधिक मजदूरों ने काम किया है, जिनका पेमेंट रूका हुआ है। अधिकांश मजदूर गांव के किसान हैं, जिन्हें रोपाई, खाद, दवा आदि के लिए रुपयों की जरूरत है। वे बेसब्री से मनरेगा का पेमेंट मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

#### धीमी पड़ी रफ्तार

पहले तो मनरेगा का बजट में कटौती कर दी गई थी। चुनाव के बाद एक्सटेंशन दिया गया। जिसके चलते अभी भी मनरेगा के तहत कार्य शेष हैं। जानकारी के अनुसार 6 लाख मानव दिवस का काम शेष है, जिसे वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले करवाया जाना है। उधर फंड नहीं मिलने से मनरेगा का काम सुस्त हो गया है। वर्तमान में मात्र 513 काम ही चल रहे हैं, जिसमें करीब 20 हजार मजदूर काम कर रहे हैं।

#### भेजा गया है प्रस्ताव

मजदूरों द्वारा लगातार पेमेंट की मांग की जा रही है, जिसे देखते हुए जिला पंचायत द्वारा फंड के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि फरवरी माह के अंतिम सप्ताह तक लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लग जाएगी। उम्मीद की जा रही है कि आचार संहिता लगने से पहले ही फंड रिलीज कर दिया जाएगा।

# कंटेनर ट्रक की चपेट में आने से बाइक चालक घायल, दो महिलाओं को मामूली चोट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विशाखापट्टनम तक बन रही सिक्स लेन सड़क निर्माण कार्य में लगी कंटेनर ट्रक ने बाइक को चपेट में ले लिया। इस घटना में बाइक चालक घायल हो गया है। वहीं सवार महिलाओं को मामूली चोट आई है।

मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय आधारी नवागांव निवासी पंकज अहिरवार उम्र 23 वर्ष बुधवार को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एएन 5719 में अपनी मां उमा अहिरवार उम्र 60 वर्ष व एक अन्य महिला को बैठाकर सिहावा चौक से गुजर रहा था। इसी दौरान भारतमाला परियोजना के तहत दुगली क्षेत्र में भारतमाला परियोजना के तहत चल रहे सिक्स लेन सड़क निर्माण कार्य के लिये रायपुर की ओर से राखड़ भरकर कंटेनर ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीएम 2577 आ रही थी। सिहावा चौक में नगरी मार्ग के लिये मुड़ते समय कंटेनर ने वहां से गुजर रहे बाइक को चपेट में ले लिया। घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। कंटेनर के चपेट में आने से युवक व सवार महिलायें बाइक सहित सड़क पर गिर गये। इस घटना में बाइक चालक पंकज घायल हो गया। उसके पैर का फ्रैक्चर होने की आशंका है। वहीं उमा व अन्य महिला को मामूली चोट आई है। घायल युवक को ऑटो की मदद से उपचार के लिये मसीही अस्पताल भेजा गया। घटना के बाद चालक दवारा वाहन को चौक में छोड़कर भाग जाने से जाम की स्थिति बन गई। वहीं घायल के परिजन व अन्य लोग घटना से आक्रोशित होकर सड़क पर उतर आये। सूचना पर कोतवाली व यातायात के जवान मौके पर पहुंच अन्य चालक की मदद से कंटेनर ट्रक को हटवा कर यातायात व्यवस्था बहाल कराया। चौबीस घंटे दौड़ रही भारतमाला परियोजना के बड़ी वाहनों से आये दिन हो रहे सड़क दुर्घटनाओं को रोकने लोगों ने लगाम लगाने की मांग की है।

- सिहावा चौक में हुआ हादसा



## अंचल की खबरें

### सेजेस कंडेल में खेल महोत्सव का हुआ आयोजन



**धमतरी।** सेजेस कंडेल में दो दिविसीय वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें सेजेस कंडेल के हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के छात्र छात्राओं की परस्पर सहभागिता रही। रस्साकसी, कबड्डी, लंबी कूद, ऊंचीकूद, रिले रेस, चम्मच दौड़, बोरा दौड़, खो-खो, 100, 200,500 मीटर दौड़ का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती पुष्पा नेताम, विशिष्ट अतिथि प्राचार्य कंडेल महाविद्यालय रविशदास मानिकपुरी थे। अध्यक्षता प्राचार्य राहुल सिंह नेताम ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि श्रीमती पुष्पा नेताम ने मशाल जलाकर किया। कार्यक्रम का आयोजन खेल शिक्षक प्रणव यादव द्वारा किया गया।

### आस्था नगर में हुई भगवान राम की महाआरती



**धमतरी।** शहर के बांसपारा स्थित आस्था नगर कालोनी में श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर भगवान राम की महाआरती की गई एवं देशवासियों की सुख, समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर अरविंद मिश्रा, रानू मिश्रा, संदीप भट्टाचार्य, विजय नामदेव, योजना नामदेव, विनोद ठाकुर, सविता ठाकुर, रविन्द्रपुरी गोस्वामी, शैव्या गोस्वामी, उमेशराव जाधव, माया जाधव, प्रदीप दुबे, अनुराग मिश्रा, रितेश मिश्रा, दिनेश दुबे उपस्थित थे।

### सिर्री में श्रीमद्भागवत कथा का समापन



**सिर्री।** सिर्री में श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया गया। सिन्हा परिवार द्वारा श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन का यह 13वाँ वर्ष है। जिसका 22 जनवरी को समापन हुआ। श्रीमद्भागवत कथा के व्यास पीठाधीश आचार्य झम्मन प्रसाद शास्त्री महराज थे। भागवत कथा का रसपान करने श्रद्धालुगण सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक जुटे रहे। श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह में श्रद्धालुगण गौकर्ण माहत्य, परीक्षित जन्म, वराह अवतार, ध्रुव चरित्र, नरसिंह अवतार, समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्रीकृष्ण जन्म, रूखमणी विवाह, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष आदि की कथा सुनाई गई। साथ ही गीतासार श्रवण पश्चात, हवन पूजन कर श्रद्धालुओं को महाप्रसादी का वितरण किया गया।

### प्राण-प्रतिष्ठा पर कंडेल में शोभायात्रा निकली



**धमतरी।** श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ग्राम कंडेल में सरपंच श्रीमती पुष्पा नेताम के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मां दंतेश्वरी मंदिर से शीतला मंदिर होते हुए रामायण कथास्थल पर समाप्त हुई। इस शोभायात्रा में ग्रामीण डांग डोली के साथ नजर आए। गायत्री शक्तिपीठ की महिलाएं कलश लेकर तथा यादव बंधु राउत नाचा के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। मौके पर यतीश भूषण श्रीवास्तव, खेदूराम, कामता मच्छेंद्र, पदुम नगारची, इंदल साहू, डोमन साहू, नीलकंठ मरकाम, सिद्धार्थ सार्वा, शिवराम साहू, भगवान मच्छेंद्र, कमलेश, बाबूलाल, बिसाहूराम, कलीराम, रहिपाल, बालाराम, संजू, राधेश्याम, अश्वनी, उमाशंकर, कोमेंद्र, रामकुमार, मोहित, चुन्नीलाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

### बच्चों ने निकाली रामलला की शोभायात्रा



**सांकरा।** सर्वोदय इंग्लिश एवं हिंदी माध्यम के बच्चों ने रामलला प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली। विभिन्न मार्गों से होते हुए विद्यालय परिसर में रैली का समापन हुआ। इस अवसर पर चंद्रशेखर साहू, जागेश्वर मल्होत्रा, रेशमा मल्होत्रा, दिनेश्वरी यादव, रश्मि दीवान, रीना साहू, कुसुमलता साहू, यामिनी टोड्डे, लोकेश्वरी साहू, भामाप्रिया सिन्हा, छबिला ध्रुव, देविका ध्रुव, अर्चना पुजारी, प्रियंका नेताम, हेमपुष्पा नागे, भेनुमती साहू, संध्या नागे, यशोदा साहू का योगदान रहा।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए मित्रों, रिश्तेदारों को लिखा पत्र

**धमतरी।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे के निर्देशन एवं इको क्लब प्रभारी निरंजन कुमार के मार्गदर्शन में नवीन भवन स्थित स्मार्ट क्लास में पोस्टकार्ड लेखन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रो. निरंजन कुमार ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने प्रेरित किया। इको क्लब के सदस्य, विद्यार्थियों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने अपने मित्रों, रिश्तेदारों एवं परिवारजनों को पर्यावरण संरक्षण हेतु पत्र लिखा। कार्यक्रम का उद्देश्य यह है कि प्रकृति में बढ़ रहे प्रदूषण को कम करने अपने परिवारजनों, मित्रों एवं आसपड़ोस में रहने वाले लोगों को जागरूक करना है। मौके पर प्रो. आकांक्षा मरकाम एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, वरिष्ठ स्वयंसेवक रूपेश देवांगन, अपर्णा शर्मा, विवेक साहू, संकेत कुमार साहू, लीना गजेंद्र, अनीता, मेनका, खोमेश्वरी, विभा समेत अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### टावर से निकलने वाली घातक किरणों से हो सकती हैं गंभीर बीमारियां : विशेषज्ञ

# टेलीकॉम कंपनियों का टावर घनी आबादी में, लोगों की सेहत दांव पर



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नियम कानून को ताक पर रखकर शहर में जगह-जगह मोबाइल टावर स्थापित किए गए हैं। शहर के अलग-अलग क्षेत्र में विभिन्न दूरसंचार कंपनियों के दर्जनों टावर स्थापित हैं। इसमें कुछ टावर ऐसे हैं जो घनी आबादी के बीच हैं। ऐसे में टावर से निकलने वाली घातक विकिरण आमजन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। इसकी शिकायत जिला प्रशासन से भी की गई है फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

शहर के नागरिक मृत्युंजय तिवारी, अभिषेक पदमवार, नीरज काबरा का कहना है कि शहर के सभी वार्डों में खासकर सदर बाजार में विभिन्न दूरसंचार कंपनियों के दर्जनों टावर स्थापित हैं। इनमें से ज्यादातर टावरों को मानक की अनदेखी कर लगाया गया है। यह सब घनी आबादी के बीच है। आवासीय भवनों की छत पर लगाया गया है। नागरिकों का कहना है कि ऐसे टावरों को शहर से बाहर करने कई बार आवेदन दिया गया पर कार्रवाई शून्य रही है।

वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एसके मंडल ने बताया कि टावर से निकलने वाली घातक विकिरण से कई घातक बीमारियां हो सकती है। त्वचा कैंसर की आशंका अधिक रहती है। विकिरण से मानसिक बीमारियां होती हैं। इससे चिड़चिड़ापन बढ़ता है। नींद पूरी नहीं होती है।

विदित हो कि शहर के सदर बाजार, रायपुर रोड, बस्तर रोड, रूद्री रोड, गोकुलपुर, रामपुर, लालबगीचा, हटकेशर, सोरिद, जोधापुर, टिकरापारा आदि ऐसे क्षेत्र हैं जहां मोबाइल टावरों की भरमार है। प्राणीविज्ञान के प्रो. शशि ध्रुवंशी का कहना है कि टावर के रेडियेशन से जानवरों पर भी असर पड़ता है। यही वजह है कि जिस एरिया में मोबाइल टावरों की संख्या अधिक होती है। वहां पक्षियों की संख्या कम हो जाती है। इस वजह से मधुमक्क्खियां भी नहीं दिख रही हैं। मोबाइल टावर के तीन सौ मीटर एरिया में सबसे ज्यादा रेडियेशन निकलता है। टावर में लगे एंटीना के सामने वाले हिस्से में सबसे ज्यादा तरंगें निकलती हैं। टावर के एक मीटर में सौ गुना ज्यादा रेडियेशन होता है। टावर पर जितने ज्यादा एंटीना लगे होंगे, रेडियेशन भी उतना ज्यादा निकलेगा। इससे नुकसान भी आसपास के लोगों को होगा। टावर से निकलने वाली तरंगें खुली आंखों से नहीं दिखती।

इस संबंध में दूरसंचार विभाग के एसडीओ संजय चतुर्वेदी ने बताया कि ट्राई और डीओटी भारत सरकार दवारा अनुशंसित ईआईआरपी समतुल्य आइसोट्रेपिक विकिरणित शक्ति 30 डीबीएम है। धमतरी जिले के सभी टावर सीमा में है।

## कोसरिया यादव समाज ने पति-पत्नी को पुनः मिलाया, समाजजन घर तक गये छोड़ने

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





21 जनवरी रविवार को दोपहर 2 बजे ग्राम छाती स्थित कोसरिया यादव समाज भवन में सभाध्यक्ष रामलाल यादव झुरानवागांव की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। बैठक में लोकेश्वरी यादव पिता उचितराम यादव बोरसी (पंहदा) एवं रामचंद्र पिता विष्णु यादव मरौद, पति पत्नि के प्रकरण का निराकरण किया गया।

बैठक प्रारंभ होने के पूर्व ईष्टदेव भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना की गई। पश्चात लड़का पक्ष रामचंद्र यादव की ओर से बैठक में आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया। उक्त प्रकरण को पंजीबद्ध कर प्रकरण के विषय में बलराम यादव शकरवारा, सोहनलाल यादव तेंदुकोना, नारायण सिंह यादव पुरी, घुराऊराम यादव छाती, लीलाराम यादव कुरुद सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों ने दोनों पक्षों से पूछताछ करते हुए सम्पूर्ण जानकारी ली। पश्चात कार्यवाही करते हुए सभाध्यक्ष रामलाल यादव के आदेशानुसार निर्णय समिति का गठन किया गया। जिसमें घुराऊराम यादव छाती, नोहर यादव सारंगपुरी, सोहनलाल यादव तेंदुकोना, छबिलाल यादव, झगरुराम यादव मंदरौद, बेनीराम यादव, संतोष यादव, सहित वरिष्ठ पदाधिकारी गण का नाम शामिल किया गया।

भोजन पश्चात समिति के द्वारा लिए गए निर्णय को सभापति के अनुमति से निर्णय समिति के सदस्य सोहनलाल यादव के द्वारा पठन करते हुए पक्षकारों सहित समाजजनों बताया गया। अंत में बैठक का समापन की घोषणा करते हुए रामलाल यादव ने आभार व्यक्त किया। लड़की को छोड़ने लड़का पक्ष सहित समाजजन छाती स्थित लड़की के मायके गये जहां बलराम यादव ने पति-पत्नी को सामंजस्य बना कर जीवन यापन करने समझाईश दी गई। तुलसीराम यादव ने लड़की की तबीयत ठीक हो, स्वस्थ हो इस हेतु भगवान श्रीकृष्ण से प्रार्थना की।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर सिहावा चौक के पास स्थित सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर एमआईसी सदस्य, पार्षद जनों के द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

एमआईसी सदस्य राजेश ठाकुर, राजेश पांडे ने सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा यह नारा देने वाले हमारे महान क्रांतिकारी और आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 का दिन विश्व इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। दिसंबर 1927 में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव के बाद 1938 में उन्हें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए।

एमआईसी सदस्य चोवाराम वर्मा एवं पार्षद संजय डागौर ने कहा कि बोस ने आजादी के आंदोलन को एक नई राह देते हुए युवाओं को संगठित करने का प्रयास पूरी निष्ठा से शुरू कर दिया। इसकी शुरुआत 4 जुलाई 1943 को सिंगापुर में भारतीय संविधान का सम्मेलन के साथ हुई। 5 जुलाई 1943 को आजाद हिंद फौज का विधिवत गठन हुआ। 21 अक्टूबर 1944 को एशिया के विभिन्न देशों में रहने वाले भारतीयों का सम्मेलन कर अस्थाई स्वतंत्र भारत सरकार की स्थापना कर नेताजी ने आजादी प्राप्त करने का संकल्प को साकार किया।

इस अवसर पर नरोत्तम यादव, भूपेंद्र साहू, संतोष साहू, छेदन शर्मा, लक्ष्मी राजपूत, कृष्णा बाई ताम्रकार, त्रिवेणी साहू, लता नागची, कुसुम नागरची, हितेश सोरी, राजपूत, सलीम, लक्ष्मी माली, नरेश माली, लाभु चौरसिया, किशन, रता माली, गणेश माली उपस्थित थे।

## केवि धमतरी में परीक्षा पर चर्चा के तहत बच्चों ने चित्र बनाए

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



केवि धमतरी में 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पराक्रम दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री जी के प्रतिष्ठित परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में स्थित विभिन्न सीबीएसई एवं राज्य सरकार संबद्ध विद्यालयों के बच्चों के बीच जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में केवि धमतरी, डीपीएस सांकरा, सेंट मैरी स्कूल, मेनोनाइट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल, विजडम अकेडमी, विद्या कुंज स्कूल लोहरसी, मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल आमदी, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मुजगहन, शासकीय हाई स्कूल लोहरसी, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खरतुली, शासकीय हाई स्कूल पोटियाडीह, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल हटकेशर, शिव सिंह वर्मा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल धमतरी, शासकीय नत्थूजी जगताप नगर पालिक निगम हायर सेकेंडरी स्कूल धमतरी, नवोदय विद्यालय कुरूद और केवि कुरूद के कुल 96 बच्चों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त बच्चों को कार्यक्रम के तहत निःशुल्क ड्राइंग शीट, ड्रॉइंग मटेरियल्स और जलपान उपलब्ध कराया गया। इस प्रतियोगिता में चिरायु सिन्हा आर्टिस्ट कुरूद, खेमलाल कला शिक्षक नवोदय विद्यालय कुरूद और शांतनु मिश्रा आर्टिस्ट दुर्ग निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य गिरीश बाबू कुस्तवार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वपूर्ण कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा 2024 के परिप्रेक्ष्य में देश भर में 500 केंद्रीय विद्यालयों में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें धमतरी जिला के अंतर्गत केवि धमतरी को नोडल सेंटर बनाया गया था। विद्यालय के कला शिक्षक योगेश नेताम ने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए एक्जाम वॉरियर्स पुस्तक में प्रधानमंत्री के द्वारा दिए गए सफलता के मंत्रों के अलावा चंद्रयान, स्पोर्टिंग सक्सेस ऑफ इंडिया, विकसित भारत आदि विषयों पर बच्चों द्वारा बहुत ही सुंदर पेंटिंग बनाया गया। सुरेश देवांगन ने बताया कि सभी प्रतिभागियों को डिजिटल सर्टिफिकेट एवं एग्जाम वारियर की किताब और प्रथम पाँच स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को फिजिकल सर्टिफिकेट तथा नेशनल फ्रीडम फाइटर की किताब दी जाएगी।

## सोरिद में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मना



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 22 जनवरी को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें मुख्य रूप से कार्यक्रम संयोजक तरूण सोनी, सह संयोजक रामकुमार साहू, कोमल साहू, श्री बांदे, प्रीतम वर्मा, हिमांशु बजरंग दल एवं गणमान्य निवासी उपस्थित रहे। सोरिद बस्ती के चारों वार्डों में सोरिद, जोधापुर, अम्बेडकर, डाक बंगला वार्ड में प्रातः 8 बजे से रात्रि 9 बजे तक श्रीराम स्तुति, हवन, भजन श्री अयोध्या से कार्यक्रम का अभिजीत मुहूर्त में प्रोजेक्टर द्वारा सीधा प्रसारण, हनुमान चालीसा, रामायण का पाठ किया गया। रंगोली एवं डीजे से पूरा परिवेश राममय हो गया।

### सलोनी में आजादी के दीवाने का मनाया जन्मदिन



**धमतरी।** भारत की आजादी में नेताजी सुभाषचंद्र बोस का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आज पूरा देश उनकी जयंती पर नेताजी के योगदान पर याद कर रहे हैं। श्री निम्बालकर ने स्वतंत्रता संग्राम में उनके संघर्ष तथा युवाओं के नेतृत्वकर्ता के रुप में उनके योगदान का वर्णन किया तो घनश्याम सिंह साहू ने संचालन करते हुए उनके व्यक्तित्व का बखान करते हुए आज के युवाओं को देश के रचनात्मक कार्यों में समय देने की मांग की। जिससे कोई भी विदेशी ताकत फिर से भारत की ओर न आ सके। कार्यक्रम में लोमेश कुमार, फनेंद्र दास और कौशल्या ने भी अपने विचार रखे।

### भागवत कथा के श्रवण से मिलती है सांसारिक कष्टों से मुक्ति : कविता



**धमतरी।** रींवागहन में नव दुर्गोत्सव समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। कथा के अंतिम दिवस गीता प्रवचन, विष्णु यज्ञ पूर्णाहुति एवं भंडारा हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत वन समिति सभापति कविता योगेश भी शामिल हुईं और श्रीकृष्ण के आरती कार्यक्रम में सहभागी बनीं। कथावाचक राजू महाराज द्वारा ग्रामवासियों को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जा रहा है।

इस अवसर पर श्रीमती बाबर ने कथास्थल पर मौजूद धर्मप्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा की रचना महर्षि वेद व्यास ने की थी जिसके अंदर 335 अध्याय 18000 श्लोक व बारह स्कंध हैं। श्रीमद्भागवत ग्रंथ को सभी ग्रंथों का सार माना गया है। इसमें भगवान की सभी लीलाओं का वर्णन मिलता है। श्रीमद्भागवत मोक्षदायिनी ग्रंथ है। राजा परीक्षित को इस कथा को सुनने के बाद ही मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। मन का शुद्धिकरण भी इस कथा के श्रवण एवं वाचन से होता है। आज के इस भौतिक युग और भागदौड़ भरी ज़िंदगी में से कुछ समय निकालकर हमें इसका श्रवण व पठन करना चाहिए। मौके पर पूर्व जिला पंचायत सभापति अमरदीप साहू, हुलार कोरराम, रामचंद साहू एवं आयोजन समिति के सदस्य, मातृशक्तियां एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### ग्रामीणवासियों ने निकाली श्री रामलला भव्य शोभायात्रा

# रामलला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में फरसिया में विविध कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



अयोध्या में श्री राम मंदिर के गर्भगृह में श्री रामलला के बाल स्वरूप के मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की उपलक्ष्य में फरसियाँ में 22 जनवरी को विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम सुबह 11:00 बजे से गायत्री मंदिर फरसियाँ से गायत्री परिवार एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से ऐतिहासिक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में महामाई गुरुकुल विद्यालय एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल फरसियाँ के विद्यार्थियों एवं ग्रामीण महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने श्री राम के प्रति भक्ति भावना का परिचय देते हुए जोश भरकर डीजे एवं पारंपरिक छत्तीसगढ़ी बाजे की धुन में भक्तिमय आर्कषक डांस प्रस्तुत किया गया। शिक्षक एवं शिक्षिकाएं भी शोभायात्रा में बढ़-चलकर भाग लिये। प्रधानपाठक गजानंद सोन ने बताया कि हिंदू धर्म के आस्था के उत्सव में ग्राम के हिंदू संगठन एवं ग्राम समिति के सहयोग से भोजन प्रसादी की व्यवस्था किया गया। शोभा यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को बीच-बीच में एवं स्कूल पारा फरसिया में रितेश चंद पारख, अजीत सिन्हा,गजानंद सोन, रूद्र नारायण सिन्हा एवं खगेश सोन के द्वारा पानी, शरबत,चॉकलेट एवं बिस्किट का वितरण किया गया। शहीद रतन सिंह मरकाम की प्रतिमा पर ग्राम व्यवस्था समिति के पदाधिकारियों व मीना शाडिल्य सरपंच व ग्राम पंचायत फरसियां के उपसरपंच शिवदयाल साहू द्वारा माल्यार्पण किया गया। दोपहर 3 से जय मां कर्मा महिला मानस मंडली फरसियाँ की प्रस्तुति हुई। शाम 5 बजे से गायत्री प्रज्ञापीठ के आचार्य लीलाम्बर साहू, नरोत्तम सोन, माधुरी लाल कश्यप, मिश्रीलाल साहू, रूपचंद सोन के मार्गदर्शन में दीपयज्ञ एवं महाआरती का आयोजन किया गया। लोमश प्रसाद हर्ष लता साहू व राधिका-राहुल पारख ने मुख्य रूप से पूजा अर्चना किया। रात्रि 8:00 से सिद्धेश्वर महाराज देवरा तिल्दा रायपुर की शानदार भक्तिमय रामायण की प्रस्तुति हुई। जिसमें समस्त श्रोतागणों ने रामायण का रसपान किया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में चंनद्रिका प्रसाद साहू, अगाशचंद साहू, सुमंत ध्रुव, पुरन निषाद, करण देवागंन, कौशल सोन, तरूण सिन्हा, त्रिलोक साहू, मानक नागारची, दुर्गेश, बोधन विश्वकर्मा,शोभाराम,राहुल सिन्हा, पुनेश्वर साहू, श्री राम हिंदू संगठन फरसियाँ से महेन्द्र साहू, राजेश सिन्हा, दीपान्शु दीवान, संजय निषाद, रामानुज, हेमेन्द्र, नरेश, इन्द्रेश, संकर्षण, डेनिश, खगेश बकड़िया, राहुल यादव, धनन्जय, हर्ष सेन, तोमेश साहू, उत्सव समिति, देव समिति, ग्रीन आर्मी समूह, गायत्री प्रज्ञापीठ फरसियाँ, भगवती महिला मंडल, ग्राम व्यवस्था समिति के समस्त पदाधिकारियों एवँ राष्ट्रीय सेवा योजना हायर सेकेंडरी स्कूल फरसियाँ के व्याख्याता नीरज सोन, श्रीमाली व सोम मैडम एवं विद्यार्थियों का विशेष सहयोग रह। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए हिन्दू संगठन की ओर से अरूण प्रजापति, धर्मेन्द्र हिरवानी, मनीष साहू, कुलेश्वर साहू नें समस्त ग्राम वासियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

श्रीराम के जयकारों में साथ निकली शोभायात्रा

# अटंग में राम मंदिर निर्माण के आंदोलन में शामिल कार सेवकों का हुआ सम्मान





हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

22 जनवरी को जब पूरे देश में श्रीराम लला का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया जा रहा था तो ग्राम अटंग में भी बहुत ही धूमधाम से शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें भव्य कलश यात्रा निकाला गया एवं श्रीराम मंदिर में हवन पूजन का कार्यक्रम रखा गया। रात्रि को संगीतमय मानस मंडली का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से राम मंदिर निर्माण के आंदोलन में शामिल कार सेवकों का सम्मान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और ग्रामवासियों के द्वारा किया गया। इस आंदोलन में डॉक्टर स्वर्गीय टेकराम चंद्राकर के मार्गदर्शन में 10 लोग शामिल हुए थे इनमें प्रमुख रूप से यादराम साहू, बुद्धू राम विश्वकर्मा, मिलुराम साहू, गिरधारी राम साहू, कन्हैया लाल तारक, स्व. ईश्वर क्षत्रीय, स्व. द्वारिका क्षत्रीय, स्व. बैजू यादव स्व. जीवराखन चंद्राकर शामिल थे। उपस्थित जन का सम्मान क्षेत्र के जनपद सदस्य श्रीमती धनेश्वरी यादव एवं ग्राम के वरिष्ठ नागरिक नोहर लाल चंद्राकार, अभिमन्यु चंद्राकर भीमसेन तारक, दीनदयाल तारक के कर कमलों द्वारा किया गया। ग्राम में दीपोत्सव का माहौल रहा। उक्त सारे कार्यक्रमों के आयोजन में ग्रामीण विकास समिति, राम जानकी मंदिर समिति, जस गीत सेवा समिति, श्री कृष्ण लीला मंडली का विशेष योगदान रहा है।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप भीमसेन तारक, भोपाल चंद्राकर, दीनदयाल तारक, पुष्कर यादव, कुंदन चंद्राकर, कृष्ण कुमार चंद्राकर, ताजेंद्र चंद्राकर, होरीलाल तारक, डेमन लाल साहू, संत्वन साहू, ईशु चंद्राकर एवं कोमल शुक्ला का मार्गदर्शन के साथ ही विशेष सहयोग रहा।

# राज्य सरकार धान खरीदी की तिथि 15 फरवरी तक बढ़ाए



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

भारतीय किसान संघ द्वारा पूरे प्रदेश स्तर पर सोसाइटियों में धान खरीदी की तिथि 15 फरवरी तक बढ़ाने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी कुरूद को तहसीलदार के माध्यम से सौंपा गया। जिसमें किसानों ने बताया अभी सोसाइटियों में कई किसानों का सिंगल टोकन की धान खरीदी नहीं विक्रय हो पाया है। किसानों में आक्रोश बढ़ रहा है। अभी भी सोसाइटियों में 15 से 20% धान की खरीदी नहीं हो पाई है। राज्य सरकार अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए किसानों के हित में धान खरीदी की तिथि तत्काल बढ़ाए।

ज्ञापन देने के अवसर पर भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष लाला राम चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष ठाकुर राम, जिला कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार चंद्राकर प्रदीप चंद्राकर जिला उपाध्यक्ष सिंधु बैस, पूर्णिमा साहू, मगरलोड प्रभारी श्रवण साहू, उत्तम कुमार, गेंदलाल चंद्राकार, देवराज चंद्राकर, ओंकार चंद्राकर, निर्मल चंद्राकर, तेजेंद्र चंद्राकर, विरेन साहू, टीकाराम, लोकनाथ कंवर, शिवराम चंद्राकर, पन्ना, सेवक राम, कमल कुमार, छोटू, विशेष चंद्राकर, मनोज चंद्राकर, रामकुमार सिन्हा, लल्लू राम, बालू सिन्हा, रमन साहू सहित अनेकों किसान उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### मानस शक्ति केंद्र के गांवों में भगवा ध्वज फहरा



**मगरलोड**। मानस शक्ति केन्द्र पहंदा के सभी ग्राम में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा पर कई कार्यक्रम हुए। घर आंगन में मनमोहक रंगोली, भवनों पर भगवा ध्वज फहराया गया। देवालयों में हवन पूजन, कीर्तन भजन, सुन्दरकाण्ड का पाठ, श्रीराम श्रोतम, स्तुति, हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। मानस मंडलियों द्वारा मानसगान, ग्राम की गलियों में श्रीराम दरबार की मनोहरी झांकी निकाली गई। महाआरती की गई। आरती सजाओ प्रतियोगिता भी हुई। पहंदा, भोथा, बोरसी, लड़ेर, झाझरकेरा, भालुचुवा, देवगांव, धनबुड़ा, केंवराडीह, बोदलबाहरा, मोहंदी, बेलोरा, जामली, राजपुर, डाभा, सरगी, सोनेवारा में हर्षोल्लास से यह महोत्सव मनाया गया। यह जानकारी गिरीश निषाद सोनेवारा ने दी है।

### कन्या आश्रम के बच्चों ने राम, लक्ष्मण की वेशभूषा में निकाली शोभायात्रा



**सांकरा**। कन्या आश्रम के बच्चों ने राम लक्ष्मण की वेशभूषा धारण कर शोभायात्रा निकाली। भगवान श्रीराम के छायाचित्र की पूजा-अर्चना की गई। बच्चों को भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता माता बनाकर गांव के गली मोहल्लों में जय श्रीराम के जयकारे लगाकर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह आरती उतारकर पूजा अर्चना की गई । सभी बच्चों को खीर पूड़ी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में शासकीय आदिवासी कन्या आश्रम सांकरा की अधीक्षिका पूनम गंगासागर, शिक्षिका मालती दीवान, गिरिजा साहू, शिवकुमारी ध्रुव, सुषमा सूर्यवंशी, अनीता कश्यप, महिला नगर सैनिक राधिका नेताम, प्रधान पाठिका जितेंद्री साहू का योगदान रहा।

### भगवान राम ने जीवनभर मर्यादा का पालन किया : पं. योगेश्वर



**कोर्रा(भखारा)**। ग्राम गुजरा के रंगमंच पर छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध रामायणी पंडित योगेश्वर उपाध्याय का प्रवचन हुआ। पंडित उपाध्याय ने श्रीराम के चरित्र के बारे में बखान किया। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र जी अपने जीवन भर मर्यादा के पथ पर चले। अपने भाइयों के प्रति धर्म और अपनी प्रजा के प्रति समान भाव रखकर चले। जीवनभर मर्यादा का ही पालन किया। इसी कारण से वे मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम कहलाए। भगवान राम न्यायप्रियता के लिए जगत प्रसिद्ध थे। उन्हें संपत्ति का लालच बिल्कुल नहीं था। बाली को हराने के बाद सुग्रीव को राज पाठ दिया। विभीषण को लंका का राजा बना दिया। भगवान राम विष्णु के सातवें अवतार थे। अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा पर ग्राम गुजरा में मंदिरों, घरों को दीपों, झालर लाइट, रंगोली से सजाया गया था। गांव-गांव में श्री रामलला की सुंदर झांकियां गाड़ियों में निकाली गई। कई जगह लोक नृत्य करते हुए भगवान श्री राम की भक्ति में लोग झूम रहे थे।

### गणतंत्र दिवस की तैयारी का हुआ निरीक्षण



**भखारा**। नगर पंचायत भखारा के मिनी स्टेडियम में गणतंत्र दिवस की तैयारी का पूर्व जनपद अध्यक्ष रामगोपाल देवांगन, पार्षद रोशन केला एवं गोल्डन ईगल के सदस्य दिनेश यादव विक्रांत शुक्ला दीनू निर्मलकर ने सभी स्कूलों के छात्रों का मार्च पास्ट का निरीक्षण किया एवं नगर पंचायत के स्वच्छता कर्मचारियों द्वारा मैदान के साफ सफाई का काम संपन्न करवाया गया।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मेघा में मना अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस



**मगरलोड**। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मेघा में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर रंगोली बनाकर मरीजों व स्कूली छात्रों के साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे के साथ लोगों में जागरूकता लाई गई। इस अवसर पर ग्रामीण चिकित्सा सहायक रुपेश कुमार साहू श्रीमती क्षमा साहू स्टाफ से तोमेश्वर साहू, नीरा ध्रुव, निक्की सिन्हा, कौशिकी साहू, मुकेश साहू, भुवन साहू, धनेश्वरी साहू, मिथलेश साहू, जितेंद्र पटेल व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## परखन्दा के 8 खिलाड़ी एमपी रवाना हुए



**कुरूद**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला परखंदा विकासखंड कुरूद जिला धमतरी के 8 छात्रों का चयन नेटबॉल जूनियर प्रतियोगिता हेतु हुआ है। प्राचार्य हीरा राम साहू ने बताया उक्त प्रतियोगिता खरगोन मध्यप्रदेश में 25 से 29 जनवरी 2024 तक आयोजित होंगी। जिसमें शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परखंदा से कु खुशी पिता ललित कुमार, तुलेश्वरी पिता बुधरु निषाद,प्रियंका निषाद पिता रामेश्वर निषाद, भोजकुमारी पिता गज़रू निषाद, करण कुमार पिता पुरानिक साहू, विकास कुमार पिता याद राम यादव, गुलशन पिता शिवप्रसाद, नारायण निषाद पितागोविन्द राम निषाद का चयन हुआ है।

# उमरदा में प्रतिभाशाली छात्रों व वरिष्ठजनों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

श्री रामजी के अयोध्या धाम में नए स्वरूप में स्थापित होने के उपलक्ष्य में ग्राम उमरदा में श्रीराम गुणगान महोत्सव का आयोजन किया गया। साथ ही प्रतिभावान छात्रों एवं वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया।

इस दिन पांचवी, आठवी, दसवीं, बारहवीं की परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किए छात्र-छात्राओं के साथ वरिष्ट जन जो सामाजिक व धार्मिक आयोजन में विशेष सहयोग प्रदान करने वालों में कुंवर सिंह ठाकुर लक्ष्मण चंद्राकर जय सिंह कंवर सरपंच अश्वनी कंवर अयोध्या पटेल हरिराम साहू रामाधार कमलवंशी सुख चैन साहू अशोक चंद्राकर झगरु यादव तेजराम साहू नंद चंद्राकर संजय चंद्राकर पोखन चंद्राकर अम्बिका सिंह ठाकुर त्रिवेणी यादव का सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रभु आस्था मंच नव सृजन युवा समिति व श्री राम कृष्ण मानस परिवार उमरदा के संयोजन व समस्त दान दाताओं , ग्राम वासियों के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भानू चंद्राकर अध्यक्ष वन्दे मातरम समिति, विशिष्ट अतिथि के रूप में विक्रम सिंह राजपूत, कार्यक्रम की अध्यक्षता कांशी राम कंवर ने की। वरिष्ठ जन तुलसी राम पटेल योगेश मोंटू चंद्राकर बसंत साहू ललित चंद्राकर सुरेन्द्र विश्वकर्मा चन्द्र प्रकाश पटेल हुमन चंद्राकर, डेरहू यादव, जुगल दीवान महेंद्र देवांगन अर्जून चंद्राकर, बालाराम मनोज चंद्राकर प्रदीप चंद्राकर तानू साहू कृष्णा पटेल श्याम साहू तीरथ साहू अंबर दीवान, रवि साहू उत्तम चंद्राकर तोरण साहू, ओंकार विश्वकर्मा समेत ग्रामवासी उपस्थित थे।

# भगवान राम के आगमन पर घरों को दीयों से सजाया





हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

500 वर्षो की लम्बी प्रतीक्षा के बाद भगवान श्रीराम लला टेंट से निकलकर अपने भव्य और दिव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित हुए। देश के विभिन्न स्थानों पर भगवान राम तथा हनुमान के मंदिरों में पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। ग्राम जीजामगांव में राम भक्तों ने सुबह से रात तक विभिन्न आयोजन कर इस पावन महोत्सव को मनाया। प्रातः श्रीराम मंदिर में पूजन हवन के साथ उत्सव की शुरुआत की गई फिर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। जय श्रीराम के जयकारों से पूरा गांव गूंज उठा। शाम होते ही सभी मंदिरों तथा देवालयों में दीप प्रज्वलित कर दिवाली मनाई गई। ग्रावासियों ने अपने घरों को दीयों से सजाकर और आतिशबाजी कर भगवान श्रीराम के आगमन का उत्सव मनाया। रात्रि में रामचरित मानसपाठ का आयोजन हुआ।

## वृंदावन की देवी हरिप्रिया सिहावा प्रवास पर



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

वृंदावन से देवी हरिप्रिया एवं पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा का आगमन सिहावा देऊरपारा के कर्णेश्वर धाम मंदिर में हुआ। जहां पर कर्णेश्वर धाम समिति के अध्यक्ष विकल गुप्ता समिति के सदस्य दुर्गेश साहू, कुलेश्वर सिंह आदि ने उनका स्वागत किया। इस दौरान देवी हरिप्रिया ने एवं उनके साथ पहुंचे पंडित मंडली ने जलाभिषेक कर कर्णेश्वर महादेव की पूजा अर्चना की। इसके पश्चात देवी हरिप्रिया ने महानदी उद्गम स्थल, गढ़डोंगरी, गणेश मंदिर में पहुंच कर दर्शन किए। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री राजेंद्र गोलछा, महिप (पिंटु) अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

# एक मंच पर जुटेंगे झेरिया यादव समाज के युवक-युवती

- राजधानी रायपुर में 28 को होगा परिचय सम्मेलन व आदर्श सामूहिक विवाह कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज पंजीयन क्रमांक 5066 रायपुर महानगर इकाई एवं जिला तथा महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं आदर्श सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए समाज के प्रदेश सचिव एवं रायपुर महानगर अध्यक्ष सुंदरलाल यादव ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन राजधानी रायपुर के महादेव घाट रायपुरा स्थित प्रदेश कार्यालय एवं सामाजिक भवन में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विवाह में लगातार बढ़ते खर्च से समाज के लोगों को मुक्ति दिलाने एवं रिश्तों की खोज में लगने वाले समय व धन की बचत के लिए युवक युवती परिचय सम्मेलन व आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए अभी तक 11 जोड़ों का पंजीयन किया जा चुका है तथा इच्छुक परिजन पंजीयन करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम के साथ प्रदेश स्तरीय सामाजिक सम्मेलन तथा मेधावी छात्र छात्राओं और सामाजिक विभूतियों का सम्मान भी किया जाएगा। समाज के महानगर अध्यक्ष श्री यादव ने बताया कि इस दौरान 11 जोड़ों का निःशुल्क आदर्श विवाह भी कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधान कार्यालय महादेव घाट रायपुरा में 76 लाख रुपए की लागत से निर्मित सर्व सुविधा युक्त 14 कमरों वाले छात्रावास 7 दुकानों का शॉपिंग कांप्लेक्स 4600 वर्ग फीट के बहुउद्देशीय सभागार प्रबंधकारिणी समिति बैठक कक्ष कार्यालय कक्ष 2 रसोई कक्ष एवं सर्वसुविधा युक्त स्नानागार का लोकार्पण भी 28 जनवरी रविवार को किया जाएगा। सुंदरलाल यादव ने बताया कि कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनिक यादव होंगे। अध्यक्षता समाज के रायपुर महानगर अध्यक्ष सुन्दर लाल यादव करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में महिला शाखा प्रदेश अध्यक्ष आशा संतोष यादव प्रदेश उपाध्यक्ष भगत सिंह यादव कोषाध्यक्ष जीआर यादव संयुक्त सचिव मनोज यादव प्रबंधकारिणी सदस्य डीआर यादव एवं रंजीत यादव संरक्षक जगतराम यादव सुकालुराम दशरथ लाल यादव सहित प्रदेश एवं जिलास्तर तथा रायपुर महानगर इकाई के पदाधिकारी विशेष रूप से शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में महानगर इकाई एवं महिला इकाई के सभी पदाधिकारी व सदस्य जुटे हुए हैं।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरुष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले स्खलित हो जाना, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना। चर्म रोग दाद, खाज, बेमची, वातरोग सायटिका, बावासीर, पथरी रोगी
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल स्टार्स के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

राहगीरों को परेशानी से मिली राहत

# कलेक्टर के निर्देश पर अछोटा पुल का मरम्मत कार्य पूर्ण



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले के राज्य मार्ग क्रमांक 23 राजनांदगांव, गुण्डरदेही, धमतरी, नगरी, बोराई मार्ग में कोलियारी एवं अछोटा के बीच स्थित महानदी पुल में लोक निर्माण विभाग धमतरी और सेतु निर्माण संभाग रायपुर द्वारा पेंच कार्य पूरा कर लिया गया है। गौरतलब है कि कलेक्टर सुश्री गांधी द्वारा राहगीरों की परेशानियों को देखते हुये तत्काल मार्ग मरम्मत के लिये निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देशों के परिपालन में संबंधित विभागों द्वारा अछोटा पुल मरम्मत कार्य किया गया। सड़क के मरम्मत हो जाने से राहगीरों की परेशानियां दूर होकर उन्हें राहत मिली। कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भा./स.) ने बताया कि कि महानदी सेतु में भारी वाहनों के दबाव से पॉट होल्स निर्मित हो गये थे, जिससे राहगीरों को आवागमन में दिक्कत हो रही थी। वर्तमान में यह पुल लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग रायपुर के अंतर्गत है।

Pride of Dhamtari
आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा परामर्श
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
ओ.पी.डी.
अगर आप ब्रेन,स्पाईन सर्जरी एवं पेट ,लीवर से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें

डॉ राजेश जैन
MS,MCh,FHU (Japan)
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जरी विशेषज्ञ
25 जनवरी 2024 गुरूवार
डॉ अरुण अय्यर
MD,DM
Gastroenterologist
पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ
27 जनवरी 2024 शनिवार
पंजीयन आवश्यक - 9424942992
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## खबर संक्षेप

### गागरा में मड़ई 2 को

**पुरी।** ग्राम गागरा के समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 2 फरवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी मोर मयारू गंगा सरबोंग (उड़ीसा) का कार्यक्रम रखा गया है। आयोजनकर्ता यशवंत साहू, मनोज ध्रुव पंच,महेश साहू, डोमेश्वर रावत, युवा ग्राम विकास समिति गागरा ने यह जानकारी दी है।

### कुल्हाड़ी मड़ई आज

**जीजामगांव।** छेरछेरा पुन्नी के पावन अवसर पर ग्रामवासी के सहयोग से 25 जनवरी को ग्राम कुल्हाड़ी में मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए रंगधारा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ओनवा रवेली जिला गरियाबंद की मनमोहक प्रस्तुति होगी। यह जानकारी युवराज साहू सरपंच, मानसिंह साहू उप सरपंच, नंदकुमार साहू ग्राम पटेल, सरजू राम शिक्षक, धर्मवीर वर्मा ने दी।

### छेरछेरा पुन्नी के साथ शाकंभरी जयंती आज

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद धमतरी ने बताया कि इस वर्ष छेरछेरा पूर्णिमा एवं शाकंभरी जयंती 25 जनवरी पौष मास शुक्ल पक्ष गुरुवार को मनाया जाएगा। इसे पूर्णिमा को पौषी पुर्णिमा के नाम से जाना जाता है।छेरछेरा अन्नदान का महापर्व है। छत्तीसगढ़ में यह पर्व नई फसल के खलिहान से घर आ जाने के बाद मनाया जाता है। यह पर्व कृषि प्रधान संस्कृति में दानशीलता की परंपरा को याद दिलाता है। इस दिन मां शाकंभरी की भी जयंती मनायी जाती है। यह जानकारी परिषद के मिडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने दी।

### ग्राम डोमा में 29 जनवरी को मड़ई

**धमतरी।** ग्राम डोमा में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 29 जनवरी दिन सोमवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है जिसमें रात्रीकालीन कार्यकम के रूप में छत्तीसगढ़ी लोक आंचलिक नाचा पार्टी खोडवा कुबरा ग्राम सुवरबोड , जिला बालोद (छ. ग.) का प्रस्तुतीकरण होना है। यह जानकारी देते हुए ग्रामीण कोषाध्यक्ष झलक राम ध्रुव ने क्षेत्रवासियों को मड़ई में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया है।

### सरगी में एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आज

**मगरलोड।** ग्राम सरगी में छेरछेरा पुन्नी के अवसर पर नेताजी सुभाष स्पोर्ट एवं ग्राम वासियों के सहयोग से राजा बाबा चौक में राज्य स्तरीय एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता 25 जनवरी गुरूवार को आयोजित किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार 10000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 5000 रूपये,तृतीय पुरस्कार 3000 रूपये है। प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क 500 रूपये है। यह जानकारी ओमप्रकाश निषाद, डोमेश निषाद ने दी है।

### डांडेसरा में रामोत्सव मनाया गया

**डांडेसरा(धमतरी)।** अयोध्या में रामलला मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा पर ग्राम डांडेसरा में दिवाली जैसा माहौल रहा। महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा कलशयात्रा निकाली गई। जय श्रीराम का नारा लगाते हुए पूरे ग्राम में बाजे-गाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। रामोत्सव को यादगार बनाने के लिए ग्रामीणों ने घर-आंगन में रंगोली बनाई। महावीर चौक में खीर पूड़ी का वितरण किया गया। ग्राम के प्रत्येक घर एवं मंदिरों में दीप जलाये गये। मंदिरों में विशेष पूजा पाठ, हवन, भजन, कीर्तन, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

## निधन

### धनऊराम साहू



**कोर्रा (भखारा)।** ग्राम भानपुरी निवासी धनऊ राम साहू का निधन 21 जनवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे श्रीमती गौरी बाई के पति व डोमन लाल शिक्षक, अग्रेश्वर, दूजराम, कुंवर सिंग के पिता थे।

---

विजेता को नकद 1 लाख और उपविजेता को 50 हजार मिला पुरस्कार

# कार्पोरेट प्रीमियर लीग में नगर निगम बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी







पीजी कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित कार्पोरेट प्रीमियर लीग रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन मंगलवार की रात्रि फायनल मैच के बाद हुआ। प्रतियोगिता के विजेता नगर निगम टीम को एक लाख रुपए नगद राशि व ट्राफी आयोजकों की ओर से प्रदान किया गया। वहीं उप विजेता कीर्ति इलेवन नागरिक की टीम को 50 हजार नगद व ट्राफी दिया गया।

इस प्रतियोगिता में 20 टीमों ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता 18 दिनों तक चली, जिसे देखने बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से विजेता बना पुलिस इलेवन की टीम। फायनल मैच कीर्ति इलेवन और नगर निगम टीम के बीच खेला गया। पहले बैटिंग करते हुए कीर्ति इलेवन ने 11 ओव्हरों में 10 विकेट के नुकसान पर 81 रन बनाए। जवाब में उतरी नगर निगम की टीम ने 10 ओव्हरों में 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य पूरा कर दिया। निगम की टीम 6 विकेट से मैच जीत लिया। मैन आफ द मैच व बेस्ट बॉलर निगम टीम के प्रदीप नायक रहे। बेस्ट बैट्समैन का खिताब राज पांडेय कीर्ति इलेवन को मिला।

विजेता टीम नगर निगम को डॉ. सुमीत गुप्ता की ओर से एक लाख रूपये नगद व भूतपूर्व विधायक स्व. पुरूषोत्तम दास धोरी भाई पटेल की स्मृति में विनर ट्राफी पीडी कंपनी की ओर से प्रदान किया गया। उप विजेता कीर्ति इलेवन टीम को अमित अग्रवाल की ओर से 50 हजार रूपये तथा पीडी कंपनी की ओर से ट्राफी प्रदान किया गया।

इस अवसर पर डॉ. विवेक तिग्गा, आनंद पवार, राजेश ठाकुर, सुधीर ठाकुर, हेतल संघवी, रागिनी मिश्रा, डॉ. सत्यप्रीत छाबड़ा, अजय बाबर सहित गणमान्य नागरिक एवं सीपीएल वर्किंग कमेटी के निशित पटेल, मिहिर पटेल, सौरभ नंदा, संतराम वाशानी, सकुश गुप्ता, यादवेन्द्र, त्रिलोक, मिलन, जीतू, हिमांचल, पुष्पेन्द्र, छोटू आदि उपस्थित थे।

# एक करोड़ घरों में सोलर पैनल योजना का स्वागत - उमेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कल 22 जनवरी 2023 का दिन सिर्फ भारत के लिए ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए अद्वितीय सामाजिक समरसता का दिन था। जब भगवान श्रीरामचंद्र के विग्रहरूप की प्राण प्रतिष्ठा उसके जन्म भूमि अयोध्या में हुई। आज पूरी दुनिया भगवान श्रीराम के हर एक संदेशों को विश्व शांति की स्थापना के लिए, पर्यावरण की रक्षा के लिए ,एक अच्छे पारिवारिक व्यवस्था के लिए, एक कुशल संगठक समाज के निर्माण के लिए ऐसे अनेक रचनात्मक कार्यों में प्रभु श्रीराम के संदेशों को आम जनमानस तक पहुंचाया जाता है। प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य अतिथि रहे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या से वापस लौटते ही भारत के एक करोड़ घरों में सोलर पैनल लगाकर घरों को रोशन करने का संकल्प लिया है।

इसके पहले भी ऐसे कई योजनाएं बनाकर पूरे देश में एक अलग कीर्तिमान बनाया है।जैसे पूरे भारत के भीतर आवासहीन परिवारों को छतयुक्त घर देना, सभी के घरों में बिजली पहुंचाना, पानी पहुंचाना, दुरांचल में बसे लोगों को शिक्षा और स्वास्थ्य की व्यवस्था देना, भूख से कोई ना मरे इसके लिए अनाज की व्यवस्था करना ऐसे तमाम योजनाओं के माध्यम से अपनी कर्तव्य का पालन कर रहे हैं। निश्चित रूप से भारत के एक करोड़ घरों में सोलर पैनल से बिजली जलने से पर्यावरण संतुलन के दिशा में भी एक महत्वपूर्ण काम होगा। इस योजना का लाभ छत्तीसगढ़ के तमाम लोगों को मिलेगा। इसके लिए उमेश साहू लोकसभा महासमुंद क्षेत्र के जिला सांसद प्रतिनिधि और भाजपा गंगरेल मंडल के अध्यक्ष होने के नाते सभी की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस योजना के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# राष्ट्रीय लघु फिल्म प्रतियोगिता में एएसपी माहेश्वर नाग को मिला द्वितीय पुरस्कार




हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

सड़क सुरक्षा पर आधारित राष्ट्रीय लघु फिल्म प्रतियोगिता आयोजित क्ी गई थी जिसमें 19 राज्यों से 6 भाषाओं में कुल 460 फ़ल्मि आये थे जिसमें कुल तीन फिल्मों को विजेता घोषित किया गया। छत्तीसगढ़ के लिए गर्व क्ी बात है कि पूरे देश से आये 460 फिल्मों में छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में पदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के फिल्म रक्षा सूत्र को द्वितीय पुरस्कार मिला। मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ विष्णुदेव साय ने माहेश्वर नाग को 50,000 का चेक और ट्रॉफी प्रदान किया।

# गणतंत्र दिवस समारोह का किया गया अंतिम पूर्वाभ्यास





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में आगामी 26 जनवरी को गरिमामय और हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसके पूर्व आज डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के एकलव्य खेल परिसर में अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को डॉ शोभाराम देवांगन स्कूल परिसर में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर ध्वजारोहण करेंगे। गरिमामय समारोह की समुचित तैयारी के तहत कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में पूर्वाभ्यास के दौरान मिनट टू मिनट कार्यक्रम के अनुसार बतौर मुख्य अतिथि संयुक्त कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी का मंच पर आगमन, परेड निरीक्षण, ध्वजारोहण का अभ्यास, मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, प्लाटूनों द्वारा मार्च पास्ट, हर्ष फायर, प्लाटून कमांडरों से परिचय, खुले आसमान में रंग बिरंगे गुब्बारे छोड़ने, पुरस्कार वितरण, फोटो सेशन सहित संपूर्ण आयोजन का पूर्वाभ्यास किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रवि कुमार साहू, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्य समारोह में कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर होंगे मुख्य अतिथि



26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में पूर्व केबिनेट मंत्री एवं कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर मुख्य अतिथि होंगे तथा डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के एकलव्य खेल परिसर में प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। जिसके पश्चात सलामी व राष्ट्रगान तथा मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के संदेश का वाचन होगा।

# 25 को जिले में राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**धमतरी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जायेगा। जिले के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र सिहावा, कुरुद एवं धमतरी के सभी मतदान केन्द्र एवं जिला स्तर पर 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी की अध्यक्षता में स्थानीय गांधी मैदान धमतरी में सुबह 11 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में नये मतदाताओं का स्वागत के साथ रंगीन मतदाता फोटो परिचय पत्र का वितरण किया जायेगा तथा उपस्थित सभी मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाया जायेगा। साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जावेगा। इस अवसर पर बैच का भी वितरण किया जावेगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषिकेष तिवारी ने बताया कि मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 अक्टूबर 2023 के तहत (प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से 01 पुरस्कार) उत्कृष्ठ कार्य करने वाले योग्य बूथ लेवल अधिकारियों क्रमशः विधानसभा सिहावा 56 से श्रीमती सुलोबना साहू (बीएलओ) मतदान केन्द्र क्रमांक 149-नगरी, विधानसभा कुरूद 57 से श्रीमती पुष्पा सोनी (बीएलओ) मतदान केन्द्र क्रमांक 225 में विधानसमा धमतरी 58 से तबस्सुम नाज (बीएलओ) मतदान केन्द्र क्रमाक 148-आमापारा धमतरी को नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र दिया जावेगा।

इसी प्रकार महाविद्यालय में स्वीप के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रोफेसर नीचल ऑफिसर श्री लक्ष्मी नारायण सिन्हा, सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय कण्डेल, जिला धमतरी को नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र दिया जावेगा। 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दिन मतदाता जागरूकता अभियान का प्रचार-प्रसार करते हुये गांधी मैदान धमतरी में मतदाता दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जावेगा। युवा मतदाताओं को मतदान का महत्व समझाने एवं मतदान प्रकिया से जोड़ने के पहल हेतु जिला स्तर पर आयोजित भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कृत किया जावेगा। इस अवसर पर जिले से सभी मतदान केन्द्रों, महाविद्यालयों एवं शासकीय कार्यलयों में भी मतदाता शपथ दिलाया जावेगा तथा महाविद्यालय स्तर पर रैली एवं मतदाता जागरूकता के विविध कार्यक्रम कराए जायेंगे।

# महिला कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन 29 को

**धमतरी।** जिला मुख्यालय में 29 जनवरी को महिला कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला कांग्रेस श्रीमती अलका लांबा, छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस प्रभारी श्रीमती सुनीता सेहरावत, छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती फूलोदेवी नेताम विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। आयोजन को लेकर महिला कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक राजीव भवन में रखी गई।

# बजट जैसे महत्वपूर्ण निगम के दायित्व पर लापरवाही बरत रहे जिम्मेदार अधिकारी

- शहर विकास के लिए निगम की जिम्मेदार लोगों के पास ना ही कोई विजन है और ना ही योजना : राजेंद्र शर्मा
- शहर विकास में जनप्रतिनिधियों को जोड़ने की नहीं है मनसा : मिथिलेश सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





नगर निगम द्वारा 2023-24 के लिए अनुमानित आए हुए कम बजट प्रस्तुत की जाने संबंधी नगर निगम के पार्षदों से सुझाव हेतु आज 24 जनवरी के तिथि को अंतिम रूप दिया जा रहा है। लेकिन जनप्रतिनिधियों को सूचना न देकर एक टेबल में सभी पार्षदों के सूचना पत्र को रख दिया गया है जिससे पार्षदों में आक्रोश व्याप्त है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी महापौर विजय देवांगन बजट प्रस्तुत नहीं कर सके थे और बैठक छोड़कर चले जाने के कारण उन्हें नगर निगम में निहित प्रावधान का सहारा लेते हुए बजट को अनुमोदन हेतु राज्य शासन को भेजना पड़ा था जिससे शहर में उनकी काफी किरकिरी हुई थी। भारतीय जनता पार्टी विरोध के लिए सड़क पर धरना भी दिए थे अमूमन यही स्थिति इस वर्ष भी निर्मित हो सकती है क्योंकि आज तक सामान्य सभा की बैठक बजट के बाद नहीं हुई है।ना ही नगर निगम पार्षद जैसे महत्वपूर्ण लोगों को निगम की गतिविधियों में सलाह मशविरा सुझाव लेते हैं। आज स्थिति यह है कि सत्ताधारी दल के पास उनके एल्डरमैन भी नहीं है क्योंकि उनकी नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा सत्ता के परिवर्तन के साथ समाप्त की जा चुकी है ऐसी स्थिति में कहा जा रहा है कि बजट बैठक का आदेश आयुक्त द्वारा निकाला जाना एक औपचारिकता है।

जिस पर नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा ने कहा है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 में निहित प्रावधानों के तहत निगम का विकास तथा जनहित के संबंध में किए गए कार्यों का बजट सत्य को दिखाता हुआ आईना होता है। इसलिए शहर के गणमान्य नागरिकों तथा चुने हुए जनप्रतिनिधियों को आपस में एक बैठक लेकर कार्य योजना बनाना चाहिए। लेकिन निगम के जिम्मेदार अधिकारी जनप्रतिनिधियों में नैतिक साहस नहीं है कि वह धमतरी की जनता का सामना कर सके। जिसके कारण निगम की सामान्य सभा की पहले तो बैठक नहीं करते हैं और दूसरे बजट जैसे महत्वपूर्ण कार्य के लिए अवैधानिक रास्ता अपनाते हैं। पार्षद मिथिलेश सिन्हा ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा है कि बीते 4 वर्ष में नगर निगम में जो भर्रासाही चला है वह फिर से दिखाई देने लगा है। उन्होंने मांग की है कि 24 जनवरी को आगे बढ़ाकर बजट में सुझाव लेने हेतु सात दिवस का अवसर पार्षदों को दिया जावे।

# वायुसेना अग्निवीर भर्ती पंजीयन 6 फरवरी तक

**धमतरी।** भारतीय वायुसेना अग्निवीर भर्ती के लिये ऑनलाईन पंजीयन 17 जनवरी से शुरू हो गई है। पंजीयन के लिये पोर्टल 6 फरवरी तक खुली रहेगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि ऐसे आवेदक जिनका जन्म 2 जनवरी 2004 से 2 जुलाई 2007 के मध्य हुआ हो, वे ऑनलाईन पंजीयन के लिये पात्र होंगे। विस्तृत जानकारी एवं पंजीयन के लिये शासन के वेबसाईट **https://agnipath-vayu.cdac.in** लॉगिन किया जा सकता है। आवेदक किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था से किसी भी विषय में 12 वीं 50 प्रतिशत अंकों के साथ ही अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण अथवा मान्यता प्राप्त बोर्ड से गणित, भौतिक एवं अंग्रेजी विषयों के साथ 50 प्रतिशत और अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण अथवा इंजीनियरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा 50 प्रतिशत अंकों के साथ ही अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक होना चाहिए, ऐसे आवेदक वायुसेना में अग्निवीर भर्ती के लिये ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। आवेदक किसी भी चॉईस सेंटर अथवा लोक सेवा केन्द्र से आवेदन कर सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा अग्निवीर वायुसेना के परीक्षा की तैयारी के लिये निःशुल्क कोचिंग व्यवस्था की जा रही है। इस संबंध में रोजगार कार्यालय से सम्पर्क कर जानकारी लिया जा सकता है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
धमतरी. मो.नं. : 9993010732
1. वात रोग व लकवा - हाथ पैर में दर्द होना, कमर दर्द, साइटिका, नस रोग व लकवा रोग में तुरंत आराम।
2. चर्मरोग - दाद, खाज, खुजली, बेमची, सूजन, पिम्पल्स, झाई, हाथ पैर का फटना, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर में तुरंत आराम
3. स्त्री रोग - सफेद व लाल धात जाना, मासिक गड़बड़ी, बच्चादानी में गांठ होना, बाल झड़ना, बांझपन, समस्त स्त्री रोग का इलाज
4. पुरुषों के रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, शारीरिक दुर्बलता, इंद्रिय शिथिलता, नपुसंकता का इलाज
5. पेट रोग - दस्त साफ न होना, गैस बनना, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना, समस्त पेट रोग का इलाज




पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969







